दिनांकः 14.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मृतकों की संख्या दो सौ 54 हो गई हैं विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें भारत के 169, ब्रिटेन के 53, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक नागरिक थां विमान में चालक दल के 12 सदस्य भी थें दुर्घटना में भारतीय मूल का केवल एक ब्रिटिश नागरिक ही जीवित बच पाया हैं इंडियन मेडिकल एशोसिएशन के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष मेहुल शाह ने चार मेडिकल छात्रों और एक डॉक्टर की पत्नी की मौत की पुष्टि की हैं दुर्घटना में आस पास के रिहायशी क्षेत्रों के आठ शवों की पहचान कर ली गई है और शव उनके परिजनों को सौंप दिये गये हैं डीएनए जांच के लिए मृतकों के रिश्तेदारों के रक्त के नमूने एकत्र किए गए हैं वर्तमान में, सिविल अस्पताल में 31 लोगों का इलाज जारी हैं दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच चल रही हैं विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की टीम ने दुर्घटना स्थल से विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया हैं अधिकारियों ने कहा है कि विस्तृत जांच के बाद ही दुर्घटना के कारणों का पता लग पायेगां

0000

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने आज प्रतिबंधित संगठन हिज्ब–उत– तहरीर – एचयूटी से संबंधित आतंकी साजिश के मामले में राजस्थान और मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी ली गईं एनआईए ने एक बयान में कहा कि एचयूटी और उसके सदस्यों की गतिविधियों की जांच के तहत झालावाड के मनोहर थाना कस्बे में दो स्थानों पर गहन तलाशी ली गई हैं तलाशी के दौरान एनआईए की टीमों ने कई डिजिटल डिवाइस जब्त की हैं एनआईए ने यह मामला विभिन्न आतंकवादी और कट्टरपंथी नेटवर्क तथा संगठनों को खत्म करने के प्रयासों के तहत दर्ज किया थां मामले की जांच जारी हैं

0000

आयुष मंत्रालय की ओर से आज नई दिल्ली में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित हाइब्रिड वैश्विक शिखर सम्मेलन–योग कनेक्ट का आयोजन किया जा रहा हैं कार्यक्रम में एक हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं शिखर सम्मेलन में बहरीन, अमरीका, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया सहित चार से अधिक देशों के विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दशक भर के प्रभाव के अध्ययन संबंधी रिपोर्ट– योग प्रभाव जारी की जाएगीं एक दशक में योग के प्रभाव पर एक ई–बुक और योग अनुसंधान के विज्ञान संबंधी विश्लेषण पर रिपोर्ट का अनावरण भी किया जाएगां इस बीच अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में भी कई योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है और लोगों में योग के प्रति अलख जगाई जा रही हैं सवाईमाधोपुर में आयोजित किये जा रहे विभिन्न शिविरों में बडी संख्या में हर आयुवर्ग के लोग शामिल होकर योग का लाभ ले रहे हैं 16 जून को राज्य विधानसभा में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जायेगां

0000

आज विश्व रक्तदाता दिवस हैं रक्तदान के माध्यम से लोगों का जीवन बचाने के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए हर साल 14 जून को ये दिन मनाया जाता हैं इस अवसर पर प्रदेश में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं इसके अलावा जगह–जगह रक्तदान शिविर लगाये गये हैं सवाईमाधोपुर और पाली में लगाये गये शिविरों में लोग बडी संख्या में रक्तदान कर रहे हैं

0000

प्रदेश में कल दोपहर बाद से शुरू हुआ आंधी और हल्की बारिश का दौर आज भी जारी हैं सुबह जैसलमेर में तेज बरसात हुईं कई स्थानों पर बादल छाये रहें मौसम विभाग के अनुसार आज कई क्षेत्रों में दोपहर बाद गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना हैं वहीं उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती हैं राज्य में आंधी बारिश की गतिविधियां आगामी दिनों में जारी रहने तथा 20 जून से बारिश की तीव्रता में बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना हैं आंधी बारिश के असर से अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 3–4 डिग्री गिरावट होने तथा हीटवेव से राहत मिलने की संभावना हैं

0000

कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों का पहला जत्था कल सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंचेगां कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच वर्ष के बाद 20 जून से शुरू हो रही हैं सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग नाथू ला दर्रे से झंडी दिखाकर इस यात्रा को रवाना करेंगें 35 तीर्थयात्रियों का समूह कुछ सरकारी अधिकारियों के साथ कल गंगटोक पहुंचेगां

चार दिन यहां ठहरने के बाद सेना तथा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उन्हें आवश्यक जानकारी देंगें तीर्थयात्रियों का हर जत्था् 11 से 12 दिन में कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी करेगां इस वर्ष कुल दस जत्थों् को नाथू ला दर्रे से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए भेजा जाएगां

0000